
# तोप गोला कॉम्पलेक्स का शिलान्यास

- लार्ज कैलीबर एम्युनिशन में सालाना दो लाख गोले बनेंगे
- पहली बार साढ़ में डिफेंस प्लांट पहुंचे अदाणी, देखा कामकाज

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बुधवार को डिफेंस कॉरिडोर, साढ़ स्थित अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के प्लांट में लार्ज कैलीबर एम्युनिशन कॉम्पलेक्स का शिलान्यास किया। वह सुबह करीब सवा आठ बजे अहमदाबाद से निजी विमान से चकेरी एयरपोर्ट और सड़क मार्ग से अपने कांप्लेक्स पहुंचे। यहां उन्होंने उत्पादन से जुड़ी टीम से मुलाकात की। उन्होंने कई शस्त्रों से फायरिंग भी की। वह करीब डेढ़ घंटे रुके और राइफलों, कार्बाइन, एलएमजी, पिस्टल के लिए यहां पर बने कारतूसों को परखा। गौतम अदाणी के साथ उनके पुत्र अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के डायरेक्टर जीत अदाणी भी थे।



कानपुर में बुधवार को रायफल का ट्रायल करते उद्योगपति गौतम अदाणी।

सबसे पहले अदाणी ने डिफेंस प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों और तकनीशियनों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। उनसे कहा कि पिछले एक साल में आप लोगों ने बहुत बेहतरीन काम किया है और अच्छा उत्पादन रहा है। इसके बाद उन्होंने अदाणी डिफेंस के अधिकारियों से गोला-बारूद कॉम्पलेक्स की विस्तार योजना के बारे में पूछा। यह भी जाना कि और किस तरह से हथियारों और एम्युनिशन का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए गोला-बारूद और हथियारों की जरूरत को पूरा करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अफसरों के साथ बातचीत की। 26 फरवरी 2024 को डिफेंस प्लांट के शुभारंभ के दौरान उनके दोनों बेटों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए थे।